# मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : 21/07/2025

विभाग का नाम : स्कूल शिक्षा

वर्ग : 3 सदन में उत्तर देने का दिनांक : 30/07/2025

विषय : फर्जी अंकसूची की जांच।

( अतारांकित प्रश्न क्रमांक : 280 ) **श्रीलखन घनघोरिया**

क्या **स्कूल शिक्षा मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) माध्य. शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 10+2 शैक्षणिक सत्र 2002 में शासकीय उच्चतर माध्य. विद्यालय अधारताल (जबलपुर) के कितने नियमित छात्रों ने गणित विज्ञान संकाय में प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की हैं। कितने छात्रों को सप्लीमेंट्री मिली है। विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम कितने प्रतिशत रहा हैं? उत्तीर्ण छात्रों की छायाप्रति दें। (ख) क्या प्रश्नांश (क) में श्री विजय पाण्डेय पिता गया प्रसाद पाण्डेय जन्म तिथि 01/10/1982 निवासी 2299 दुर्गा नगर रामपुर (जबलपुर) ने हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा सत्र 2002 में गणित विज्ञान संकाय में नियमित छात्र के रूप में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। यदि हां तो इन्होंने शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय अधारताल (जबलपुर) में कब किस कक्षा में प्रवेश लिया है एवं इन्होंने कक्षा 11वी की परीक्षा कब उत्तीर्ण की हैं? बतलावें। कक्षा 11 वीं एवं हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा सत्र 2002 की सत्यापित अंक सूची की छायाप्रति दें। (ग) क्या प्रश्नांकित छात्र ने माध्य. शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा सत्र 2002 दिसम्बर की फर्जी अंक सूची क्र.027956 रोल नं. 120113578 पं. नामांकन क्र. 12001-1201 कुल प्राप्तांक 301/500 प्रथम श्रेणी गणित विज्ञान संकाय में उत्तीर्ण के आधार पर दिनांक 09/01/2008 को शासकीय सेवा में नियुक्ति पाई हैं? यदि हां तो क्या शासन इसकी सीट (एस.आई.टी.) से जांच कराकर एवं एफ.आई.आर. दर्ज कराकर कार्यवाही करेगा? उक्त अंक सूची की छायाप्रति दें।

---

You Have Reply Successfully of this Question

Reply By : SCHOOL EDUCATION | Reply Date : 28/07/2025 01:36:49 PM | Status : NonDs

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह : (क) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आधारताल, जबलपुर के 07 नियमित छात्र/छात्राओं द्वारा गणित, विज्ञान विषय में प्रथ श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की गई एवं 05 छात्र/छात्राओं को सप्लीमेंट्री (पूरक) की पात्रता आई तथा विद्यालय का हायर सेकेण्ड्री परीक्षा 2002 का वार्षिक परिणाम 74.67 प्रतिश रहा है। विद्यालय के उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं की अंकसूची की प्रमाणित छायाप्रतियां पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-अ अनुसार। (ख) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्याल आधारताल, जबलपुर के हायर सेकेण्ड्री परीक्षा 2002 उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं अंकसूचियों की छायाप्रतियों में श्री विजय पाण्डेय पिता श्री गया प्रसाद पाण्डेय नाम से कोई छा नहीं होने से शेष जानकारी दी जाना संभव नहीं है। संबंधित द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आधारताल, जबलपुर में कक्षा-11वी की परीक्षा प्रवेश की जानका संस्था प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आधारताल, जबलपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर से प्राप्त होगी। हायर सेकेण्ड्री सर्टिफिकेट परीक्षा स 2002 की सत्यापित अंकसूचि की छायाप्रति प्रदान करने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है। (ग) वर्ष 2002 दिसम्बर की अंकसूची सरल क्रमांक 027956 रोल नंबर 1201135 पंजीयन नामांकन क्रमांक 12001-1201 हायर सेकेण्ड्री परीक्षा की उक्त अंकसूची मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी नहीं की गई है। उक्त प्रश्न का अन्य अं माध्यमिक शिक्षा मण्डल से संबंधित नहीं है। उक्त आधार पर अंकसूची की छायाप्रति देने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
स्कूल शिक्षा विभाग

Scanned with OKEN Scanner